वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 | अंक : 258 | शुक्रवार 13 जनवरी 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## जयपुर में बीजेपी कराएगी महाखेल

### राज्यवर्धन बोले- राजस्थान में बाहरी राज्यों के खिलाड़ियों को मिल रही नौकरियां, खिलाड़ियों को मिले आरक्षण

**जयपुर. कासं**

राजस्थान में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के बाद अब बीजेपी भी खेल और खिलाड़ियों के जरिए जनता को खुश करने की कोशिश में जुटी है। ग्रामीण और शहरी ओलंपिक के बाद अब बीजेपी जयपुर में महाखेल का आयोजन करने जा रही है। इसमें जयपुर लोकसभा क्षेत्र के आठ विधानसभा क्षेत्रों की 630 टीमें शामिल होंगी। गुरुवार को जयपुर में महाखेल आयोजन की जानकारी देते हुए सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौर ने कहा- कांग्रेस ने सिर्फ करोड़ों रुपए की बर्बादी कर ग्रामीण ओलंपिक का आयोजन किया था। इससे खेल और खिलाड़ियों दोनों को कोई फायदा नहीं हुआ। हमारा लक्ष्य खेल और खिलाड़ियों दोनों को विकसित करना है। इसलिए हम हमारे द्वारा डेवलप किए गए 32 स्टेडियम में ही महाखेल का आयोजन करेंगे। इनमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नकद पुरुस्कार के साथ ही बेहतर ट्रेनिंग के लिए भी चुना जाएगा। ताकि वह भविष्य में भारत और राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर सके। सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौर ने कहा- राजस्थान सरकार शहरी ओलंपिक कराने जा रही है। जबकि इससे पहले ग्रामीण ओलंपिक का भी आयोजन पूरा हो चुका है। उससे प्रदेश के खिलाड़ियों को और खेलों के इंफ्रास्ट्रक्चर को कुछ भी नहीं मिला। करोड़ों रुपए के ग्रामीण ओलंपिक के आयोजन के बावजूद प्रदेश में ना तो कोई नया स्टेडियम बना और ना ही खिलाड़ियों के लिए कोई नई सुविधा उपलब्ध हो पाई है। ऐसे में सरकार को अपनी नीति में भी संशोधन कर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप करने की रणनीति पर काम करना चाहिए। क्योंकि बिना इंफ्रास्ट्रक्चर खेल और खिलाड़ी दोनों आगे नहीं बढ़ पाएंगे।

### सरकारी नौकरी में सिर्फ प्रदेश के खिलाड़ियों को मिले मौका

सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा- केंद्र सरकार की सरकारी नौकरियों में 9% खिलाड़ियों के लिए आरक्षित रहता है। इसी तर्ज पर राजस्थान सरकार को भी खिलाड़ियों के लिए भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण लागू करना चाहिए। हालांकि पिछले कुछ वक्त से राजस्थान में सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों का कोटा तो निश्चित किया गया है। उसमे दूसरे राज्यों के खिलाड़ी भी इसमें शामिल है। इसकी वजह से प्रदेश में दूसरे राज्यों के खिलाड़ियों को नौकरियां मिल रही है। इससे प्रदेश के खिलाड़ियों का कंपटीशन और ज्यादा बढ़ गया है। ऐसे में राजस्थान सरकार को अपने नियमों में संशोधन कर सिर्फ प्रदेश के खिलाड़ियों को प्रायोरिटी देनी चाहिए।




### अकेले सरकार नहीं कर सकती खेलों का विकास

सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा- खेलों का विकास सिर्फ अकेले सरकार नहीं कर सकती। इसमें निजी सहभागिता काफी जरूरी है। यही कारण है कि पिछले 8 सालों में जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में बड़ी संख्या में हमने पीपीपी मोड पर कई एकेडमी डेवलप की है। इनको खेलो इंडिया के तहत सरकार द्वारा फंड भी मुहैया करवाया जा रहा है, ताकि भविष्य के खिलाड़ी तैयार हो सके।

## पूर्व डीजीपी एमएलए लाठर बने सूचना आयुक्त

### जस्टिस राम सिंह झाला को बनाया गया मानवाधिकार आयोग सदस्य



फाइल फोटो

**जयपुर. कासं।** राजस्थान सरकार ने रिटायर्ड डीजीपी एम एल लाठर को राजस्थान का सूचना आयुक्त बनाया है। गुरुवार को राज्यपाल कलराज मिश्र ने लाठर की नियुक्ति के आदेश जारी किए। वहीं जस्टिस राम सिंह झाला को मानव अधिकार आयोग में सदस्य नियुक्त किया गया है। बता दें कि पूर्व डीजीपी एमएलए लाठर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विश्वसनीय अधिकारियों में शामिल थे। ऐसे में रिटायरमेंट के बाद भी उन्हें नियुक्ति देकर सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है। इससे पहले गहलोत सरकार ने अपने कार्यकाल में 16 IAS और IPS अफसरों को रिटायरमेंट के बाद भी इस तरह की टॉप पोस्टिंग दी गई है जिसमें प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक जैसे पदों पर रह चुके अधिकारी भी शामिल है। **इन अधिकारियों को मिल चुकी है पोस्टिंग:** राजस्थान सरकार में रिटायरमेंट के बाद अरविंद मायाराम, डॉ. गोविंद शर्मा, D.B. भूपेंद्र यादव, संजय श्रोत्रिय, हरिप्रसाद शर्मा, आलोक त्रिपाठी, रामलुभाया, खेमराज चौधरी, चेतन देवड़ा, एनसी गोयल और जगरूप सिंह यादव समेत लगभग 16 अधिकारियों को प्राइम पोस्टिंग दी गई है। इनमें प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक जैसे टॉप पोस्ट पर रहने वाले अधिकारी भी शामिल हैं।

## दिल और दिमाग के द्वंद में हमेशा दिल की सुनो

### रंगकर्मियों ने लघु नाटक के जरिए विवेकानंद के जीवन को समझाया

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

स्वैच्छिक क्षेत्र विकास केंद्र, राजस्थान सरकार की ओर से अभिटून्स क्रिएशन्स व वीणा पाणि कला मंदिर के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को परफॉर्मिंग आर्ट का समाज में योगदान और युवाओं के बेहतर विकास विषय पर एक संवाद कार्यक्रम दिल की सुनो आयोजित किया गया। योजना भवन, सी स्कीम में हुए कार्यक्रम में वरिष्ठ तमाशा गुरु एवं प्रसिद्ध वरिष्ठ रंगकर्मी वासुदेव भट्ट, युवा रंगकर्मी अभिषेक मुद्गल, वीडियो एडिटर व डिजिटल आर्टिस्ट स्वप्निल टांक, एनिमेटर और इलस्ट्रेटर अभिलाषा भारतीय से मॉडरेटर चित्रांश माथुर ने संवाद किया। वासुदेव भट्ट ने कहा- कला ही तो सारे समाज को जोड़े हुए है। कला समाज से ही निकलती है। समाज के लिए ही होती है। युवा रंगकर्मी अभिषेक मुद्गल ने कहा कि कला में युवाओं को बहुत स्कोप है। युवाओं को प्रेरित करने के लिए ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। कार्यक्रम में अभिलाषा भारतीय ओर स्वप्निल टांक ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के तहत स्वामी विवेकानंद के जीवन व विचारों पर लेखक, निर्देशक तपन भट्ट की ओर से एक लघु नाटक भी प्रस्तुत किया गया।



# मुनि भाविक व निस्पृह की जन्मस्थली पर आचार्यश्री वर्धमान सागर ने किया भव्य मंगल प्रवेश

**फागी/मदनगंज किशनगढ़. शाबाश इंडिया**

विश्व प्रसिद्ध मार्बल नगरी किशनगढ़ में आयोजित होने वाले श्रीमज्जिनेंद्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए श्री महावीर जी से किशनगढ़ के लिए वात्सल्य वारिधि आचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघ के विहार के दौरान गुरुवार को आवडा से मंगल विहार करते हुए मुनि भाविक सागर व मुनि निस्पृह सागर महाराज की जन्म स्थली ग्राम नगर में अल्प प्रवास के लिए मंगल प्रवेश किया। ग्राम नगर के प्रवेश द्वार पर ग्रामीणों के साथ पापड़ीवाल परिवार ने आचार्यश्री ससंघ की भव्य अगवानी की, आचार्य श्री ससंघ को बैंड बाजों के द्वारा जुलूस रूप में नगर ग्राम में भव्य मंगल प्रवेश करवाया। बैंड की मधुर स्वर लहरियों के साथ ग्रामीण महिलाएं मंगल कलश के साथ तथा पुरुष जयकारे लगाते हुए चल रहे थे, रास्ते में जगह जगह लोगो ने आचार्य श्री का पाद प्रक्षालन व आरती कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। करीब एक किलोमीटर से भी अधिक जुलूस में हजारों महिला पुरुष भक्ति नृत्य व जयकारों से माहोल को भक्तिमय बना दिया, जुलूस के बाद धर्मसभा का शुभारंभ आर. के. मार्बल्स के



विनीत पाटनी, टोंक सांसद सुखवीर सिंह जोनापुरिया, मालपुरा विधायक कन्हैया लाल, मालपुरा प्रधान सकराम चोपड़ा, नगर सरपंच किस्मत कंवर राजू सिंह एवं संजय पापड़ीवाल ने दीप प्रज्वलन कर किया। धर्मसभा में आचार्यश्री के पाद प्रक्षालन सुरेश कुमार, रमेश कुमार, निर्मल कुमार, संजय कुमार, पुनीत कुमार, गोरांग, धैर्य, लिखिल पापड़ीवाल परिवार ने किया। कार्यक्रम में धार्मिक पुस्तक छहढाला का विमोचन किया गया। धर्मसभा में आचार्य वर्धमान सागर महाराज ने मंगल आशीर्वाद



दिया। मुनि हितेंद्र सागर महाराज ने मुनि भाविक सागर महाराज व मुनि निस्पृह सागर महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों को शराब का सेवन नहीं करने का संकल्प दिलाया। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि इस दौरान पचेवर, आवडा, नगर, किशनगढ़, मालपुरा, भामोलाव, परली, उरसेवा, लांबा हरिसिंह सहित आस पास अनेक गांवों के लोग मौजूद थे।

## लीनेस क्लब स्वरा द्वारा सेनेटरी नेपकिन का वितरण




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** लिनीस क्लब स्वरा ने अपने सामाजिक कार्यक्रम की श्रंखला में सरकारी स्कूल की 150 लड़कियों को सेनेटरी नेपकिन का वितरण किया। अध्यक्ष स्वाति जैन एव कोषाध्यक्ष ममता जैन ने बताया कि नेपकिन के वितरण के साथ लड़कियों को माहवारी के समय स्वच्छता का ध्यान रखने के लिए भी जागरूक किया। कार्यक्रम में पूनम सक्सेना, कविता कासलीवाल,नीतू बाकलीवाल मौजूद थी।

## पीड़ित मानव सेवार्थ 205 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

**अनिल पाटनी. शाबाश इंडिया।** लायंस क्लब अजमेर आस्था एवम नार्थ वेस्टर्न रेलवे एंप्लायज यूनियन कारखाना शाखा अजमेर के संयुक्त तत्वावधान में पीड़ित मानव सेवार्थ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन रेलवे सीनियर इंस्टीट्यूट पर लगाया गया जिसमे रेलवे के 205 युवा कर्मचारियों ने स्वेच्छा से अपने रक्त का दान करते हुए अजमेर के विभिन्न बैंको में रक्त को संग्रहित करवाया । कारखाना के युवा कर्मचारियों द्वारा पुरानी पेंशन की मांग को लेकर यूनियन के



सहायक महामंत्री कॉम जगदीश सिंह के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। क्लब अध्यक्ष लायन घेवर चंद नाहर एवम कार्यक्रम संयोजक लायन अतुल पाटनी ने बताया कि यह शिविर लायंस क्लब अजमेर आस्था के सहयोग से आयोजित किया गया जिसमे अजमेर के तीनों कारखानों के 205 कर्मचारियों के द्वारा पुरानी पेंशन की मांग के संकल्प के साथ रक्त दान किया गया।

## समिति ने दृष्टिहीन बालिकाओं की सार संभाल की

**अनिल पाटनी. शाबाश इंडिया**

**अजमेर।** श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर एवम श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला एवम युवा महिला संभाग अजमेर के संयुक्त तत्वावधान में शास्त्री नगर स्थित दृष्टिहीन बालिकाओं का आवासीय विद्यालय लाडली घर में लौकिक शिक्षा के साथ खेलकूद के क्षेत्र में नाम रोशन करने वाली दिव्यांग बालिकाओं का माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी इक्कीस बालिकाओं को मिष्ठान युक्त शुद्ध एवम सात्विक भोजन कराया गया। श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी ने बताया कि जयपुर में आयोजित विशेष खेलकूद कार्यक्रम में तीन बालिकाओं को पांच स्वर्ण पदक,रजत,एवम कास्य पदक एवम अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं का सम्मान किया गया। श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर के अध्यक्ष अतुल पाटनी ने बताया कि





राष्ट्रीय संत कृष्णानंद स्वामी गुरुदेव के मुख्य आथित्य में एवम समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ताराचंद सेठी के संयोजन में एवम स्वर्गीय श्री शांति लाल सेठी की पुण्य स्मृति में सोनिया सेठी , रति सेठी , विनीत सेठी कुचील वालो की तरफ से मिष्ठान युक्त भोजन की सेवा दी गई ।इस अवसर पर अनिता सेठी ज्योति सेठी, सुषमा पाटनी, अनामिका सुरलाया, इंद्रा कासलीवाल, रेणु पाटनी आदि मोजूद रही ।

## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय और नारायण सेवा संस्थान की ओर से दिव्यांगों की सेवार्थ विशाल शिविर 14 को




**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत उदयपुर जिले के दिव्यांग भाई-बहनों की सहायतार्थ नारायण सेवा संस्थान द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार व दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सौजन्य से 14 जनवरी शनिवार को विशाल निःशुल्क दिव्यांग ऑपरेशन जांच, चयन, सहायक उपकरण वितरण एवं कृत्रिम अंग माप शिविर नारायण सेवा संस्थान परिसर हिरण मगरी सेक्टर 4 में आयोजित होगा। गुरूवार को मानव मन्दिर हॉस्पिटल में आयोजित प्रेस कॉफ्रेंस में नारायण सेवा संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी भगवान प्रसाद गौड़ ने बताया कि जन्मजात दिव्यांगों और दुर्घटना में हाथ-पैर खो चुके भाई-बहिनों को मदद के लिए भारत सरकार की एडीप योजना के तहत यह शिविर मकर संक्रान्ति के दिन आयोजित होगा। मीडिया प्रभारी विष्णु शर्मा हितैषी ने बताया कि शिविर स्थल पर संस्थान की डॉक्टर्स टीम जन्मजात, पोलियो व प्रमस्तिष्क घात के रोगियों की जांच करेगी ।साथ ही शल्य चिकित्सा के काबिल दिव्यांगों का चयन किया जाएगा। अन्य रोगियों को मौके पर ही ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी भी दी जाएगी। इसके अलावा वृद्धजनों या श्रवण समस्या से ग्रसित को श्रवण यंत्र दिए जाएंगे। बता दें ऑर्थोटिस्ट एवं प्रोस्थेटिक टीम द्वारा दुर्घटना में अंग विहीन हो चुके लोगों के मेजरमेन्ट लेंगी।

**रिपोर्टः राकेश शर्मा 'राजदीप' मोबाइलः9829050939**




# 501 महिलाओं की कलशयात्रा से हुआ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

गिर्राज संघ परिवार विश्वकर्मा जयपुर के 25 वें वार्षिकोत्सव पर 131 विशाल श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ गुरूवार को विद्याधर नगर सेक्टर-7 स्थित शिवमंदिर से 501 महिलाओं की कलशयात्रा से हुआ। इस दौरान आसपास का क्षेत्र भक्ति और आस्था के रंग में डूब गया। अध्यक्ष रामरतन अग्रवाल व महासचिव गिरीश अग्रवाल ने बताया कि गुरूवार दोपहर 501 महिलाओं की कलशयात्रा विद्याधर नगर सेक्टर-7 स्थित शिवमंदिर से शुरू हुई। कलशयात्रा में 501 महिलाएं एक ही परिधान में सिर पर मांगलिक कलश लेकर चल रही थीं तो वहीं 131 यजमान सिर पर भागवत पोथी लेकर चल रहे थे। इस दौरान आग करीब डेढ़ सौ ब्राह्मण भी कलश यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे।



यह कलशयात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई कथा स्थल विद्याधर नगर, सेक्टर-7 स्थित अग्रसेन हॉस्पीटल के पीछे पहुंची, जहां पर श्रीमद भागवत की 131 विद्वान पूजा सम्पन्न करवाई। इस मौके पर श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ करते हुए परम श्रद्धेय आचार्य गोस्वामी श्री मृदुल कृष्ण जी महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का प्रत्येक प्रसंग हमें मानवता की शिक्षा प्रदान करता है। हमारा जीवन किस मार्ग से चले कि उसे लक्ष्य की प्रप्ति हो। उन्होंने आगे कहा कि श्री मद भागवत कथा मानव को मानवता ही नहीं बल्कि मानवता के साथ-साथ वैष्णवता और भगवत्ता की शिक्षा देकर इनका पात्र भी बनाती है जीव को। महापुराण का प्रारंभ करते हुए उन्होंने बताया कि माहात्य के प्रारंभ में ही श्री सूत महाराज ने श्री शुकदेव जी की वन्दना करते हुए लिखा है कि श्री शुकदेव जी ने जन्म लेते ही घर से वन की राह पकड़ ली और वन में जाकर भगवान की आराधना में लीन हो गए ऐसी आराधनाभगवान की किया की भागवत और भगवान दोनों प्राप्त हो। उन्होंने बताया कि महोत्सव के तहत 13 को नारद व्यास संवाद, पांडव चरित्र व शुकदेव आगमन, 14 को कपिल देवहुति संवाद, ध्रुव चरित्र व 15 को प्रहलाद चरित्र व वामन अवतार के बाद नंदोत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव के तहत 16 को श्री कृष्ण बाल लीला, माखन चोरी गिरिराज पूजन महोत्सव मनाया जाएगा। कथा प्रसंग में 17 को महारास कथा, मथुरागमन, श्री रूकमणि विवाह प्रसंग के बाद 18 जनवरी को सुदामा चरित्र संवाद, नवयोगेष्वर संवाद के बाद फूल होली महोत्सव मनाया जाएगा। कथा 18 जनवरी तक रोजाना दोपहर 2 बजे से साम 6 बजे तक होगी।

## वेद ज्ञान

### भौतिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक शक्तियों से संपन्न होता है मनुष्य

भौतिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक शक्तियों से संपन्न होता है मनुष्य। वह इन शक्तियों को प्रयोग में ला सकता है। उनके उचित प्रयोग द्वारा वह वांछित परिणामों को पा सकता है। बाल्यावस्था में शरीर मन के प्रति अधिक संवेदनशील होता है। मन अधिक सुगमतापूर्वक शरीर से अपने आदेशों का पालन करवा सकता है। बाद में जब बच्चे में विभिन्न आदतों का विकास हो जाता है, तो मन और शरीर पहले की भांति सामंजस्य के साथ कार्य नहीं करते हैं। एक बच्चे की तरह हमारा शरीर मन के नियंत्रण में होना चाहिए। शरीर केवल संवेदनाओं का एक पुंज है। संवेदनाओं को अपने से अलग करना आसान नहीं है, लेकिन हमें निरंतर इस चेतना में रहना चाहिए कि आत्मा के रूप में परमात्मा हमारे साथ हैं। जब मन, शरीर एवं उसकी मांगों के पूर्णतः अधीन होता है, जैसे कि अधिकतर लोगों के साथ होता है, तो मन को शरीर से अलग करने का अभ्यास करना चाहिए। आरंभ में धीरे-धीरे छोटी-छोटी वस्तुओं से मन को अलग करना उत्तम होता है। दिव्य चेतना में आपको यह अनुभव होता है कि आत्मा रूप में आपके कोई हाथ, पैर, आंखें अथवा कान नहीं हैं और न ही आपको इन शारीरिक अंगों की आवश्यकता है, फिर भी आप इन शारीरिक अंगों का उपयोग कर सकते हैं। केवल मानसिक शक्ति के द्वारा सुनना, देखना, सूंघना, चखना एवं स्पर्श करना संभव है। अनेक संत ईश्वर की वाणी अपने कानों से नहीं अपने मन से सुनते हैं। चेतना की ऐसी अवस्था काल्पनिक नहीं है, बल्कि एक वास्तविक अनुभव है। यह आपका अनुभव नहीं हो सकता, जब तक कि आप ध्यान न करें। यदि आप अत्यधिक भक्ति के साथ ध्यान करें, तो किसी दिन जब आपको इसकी तनिक-सी भी आशा नहीं होगी, आपको भी वही अनुभव होगा। ज्ञान एवं इच्छा तन एवं मन को नियंत्रित करती हैं। ज्ञान आत्मा का अंतर्ज्ञानात्मक सत्य का प्रत्यक्ष ज्ञान है। युद्ध के समय लक्ष्य-दूरी मापक यंत्र को यह निर्धारित करने के लिए उपयोग किया जाता है कि गोला कहां दागना है। जब दूरी का पता चल जाता है, तो बंदूकें प्रभावशाली ढंग से चलाई जा सकती है।

## संपादकीय

# यह केवल सैर-सपाटे का अवसर नहीं

अपने देश, अपनी धरती से लोगों का स्वाभाविक लगाव होता है, चाहे वे पीढ़ियों पहले कहीं और जाकर बस गए हों। हर देश का भी अपने प्रवासियों से नाता बना रहता है। इसी के चलते भारत में प्रवासी दिवस मनाने की शुरूआत हुई थी, जिसमें हर साल दूसरे देशों में रह रहे भारतीय मूल के लोग कुछ दिनों के लिए यहां आते हैं। यह केवल सैर-सपाटे का अवसर नहीं होता, बल्कि उन्हें अपने देश के लिए कुछ करने का मौका भी होता है। दरअसल, प्रवासी सम्मेलन की शुरूआत ही इस मकसद से की गई थी कि दूसरे देशों में रह रहे भारतीय मूल के लोग यहां आकर निवेश के अवसर तलाश सकें। इंदौर में चल रहे सत्रहवें प्रवासी सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने भी इस तकाजे को एक बार फिर रेखांकित किया। उन्होंने दूसरे देशों में रह रहे भारतीय मूल के लोगों को विदेशी धरती पर भारत का ह्यब्रांड एंबेसडरह्न बताया। इस सम्मेलन में सत्तर देशों के साढ़े तीन हजार प्रवासी भारतीय हिस्सा ले रहे हैं। प्रधानमंत्री के संबोधन से पहले विदेशमंत्री ने भी इस सम्मेलन को प्रवासी भारतीयों के लिए अपने संबंधों को नया करने, नई ऊर्जा से भरने और नए पहलुओं को जोड़ने के एक अवसर के रूप में रेखांकित किया। इस बार के प्रवासी भारतीय सम्मेलन की अहमियत इसलिए भी है कि इस वर्ष जी-20 समूह की अध्यक्षता भारत कर रहा है और यहां निवेश संबंधी अनेक नए अवसर खुले हैं। भारत विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुका है। पूरी दुनिया अब भारत की तरफ देख रही है। ऐसे अनेक अवसर आए, जब विश्व के विकसित कहे जाने वाले देशों ने भी भारत को अहमियत दी। कोरोना के समय भारत ने अपने बल पर न केवल इसके टीके बनाए, बल्कि दुनिया के उन्नत कहे जाने वाले देशों की तुलना में अधिक तेजी से और बड़ी संख्या में टीके लगाने में कामयाबी भी हासिल की। अरिहंत जैसा स्वदेशी जलपोत तैयार किया, उपग्रह प्रक्षेपण के मामले में प्रतिस्पर्धी ढंग से आगे बढ़ रहा है। इस तरह भारत से जाकर दूसरे देशों में कारोबार कर रहे लोगों के लिए भारत के प्रति आकर्षण की स्वाभाविक वजहें हैं। इस समय जिस तरह पूरी दुनिया मंदी की आशंका से ग्रस्त है और कारोबारी सुस्ती छाई हुई है, उसमें तमाम देश अपने लिए नया बाजार तलाश रहे हैं। ऐसे में निवेश की दृष्टि से भारत एक बेहतर जगह साबित हो सकता है। इसलिए इस बार के प्रवासी सम्मेलन से स्वाभाविक ही उम्मीद बनती है कि भारतीय मूल के लोगों को यहां कारोबार की नई संभावनाएं तलाशने में मदद मिलेगी। केंद्र सरकार ने स्टार्टअप और मेक इन इंडिया योजनाओं के तहत लाखों युवाओं को नए आविष्कार और रोजगार के अवसर पैदा किए हैं। इस तरह यहां एक समृद्ध कारोबारी वातावरण बना है। विदेशी कंपनियों के लिए नियम और शर्तें काफी लचीली बना दी है। अब तो विदेशी विश्वविद्यालयों को अपने परिसर भी यहां खोलने की इज्जत दे दी है। ऐसे में प्रवासी भारतीय व्यवसायियों के लिए अनुकूल कारोबारी वातावरण उपलब्ध है।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# उजाड़ने से पहले...

अगर सरकारी जमीन के किसी टुकड़े पर लोगों ने घर बना लिया, वहां बस्ती बस गई, तो उसे प्रथम दृष्टया अतिक्रमण कहा जा सकता है। कानूनी प्रावधान के मुताबिक सरकार उस जमीन को खाली करा सकती है। यह मसला सतही तौर पर भले अतिक्रमण हटाने का लग सकता है, लेकिन इसके साथ कई ऐसे पहलू जुड़े हुए हैं, जो सरकार को भी कठघरे में खड़ा करती है। हाल ही में उत्तराखंड के हल्द्वानी में रेलवे की जमीन खाली कराए जाने पर ये सवाल उभरे हैं कि करीब सात दशक से बसी बस्ती को सरकार अचानक खाली कराने पहुंच जाती है, तो उसे किस हद तक उचित कहा जा सकता है! वहां इतने लंबे वक्त से लोग अगर कथित तौर पर अवैध रूप से रह रहे हैं तो उसकी जिम्मेदारी से सरकार क्या पूरी तरह मुक्त है? फिर अगर किन्हीं परिस्थितियों में उन्हें वहां से हटाया जा रहा है, तो वहां के लोगों के प्रति सरकार की कोई जवाबदेही है या नहीं? स्वाभाविक ही सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर उत्तराखंड उच्च न्यायालय के उस आदेश पर फिलहाल रोक लगा दी है, जिसके तहत हल्द्वानी में रेलवे की जमीन को खाली कराया जाना था। शीर्ष अदालत के मुताबिक सिर्फ सात दिनों की छोटी अवधि के नोटिस में पचास हजार से ज्यादा की आबादी को अचानक ही किसी जगह से नहीं हटाया जा सकता। सवाल है कि अगर वे तमाम लोग वहां दशकों से रह रहे हैं तो क्या संबंधित महकमों ने नियम-कायदे या कानूनी स्थिति के प्रति उन्हें पहले कभी औपचारिक रूप से सूचित किया था? इतना तय है कि इतनी बड़ी आबादी वहां रातोंरात नहीं बस गई होगी। अगर वहां लोगों ने जमीन खरीद कर अपने घर बनाए, तो भूखंड का सौदा करने वाले वे लोग कौन थे और जब वहां की जमीन की खरीद-फरोख्त चल रही थी, तब नियामक संस्थाएं क्या कर रही थीं? अब अगर सरकार ने अतिक्रमण के तर्क पर एक बड़ी आबादी को वहां से हटाने का फैसला किया भी है तो क्या यह मानवीय प्रश्न नहीं उठता है कि पहले उसे लोगों के वैकल्पिक पुनर्वास की व्यवस्था करनी चाहिए? सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि पट्टे और जमीन की नीलामी के दावों के बीच यह तथ्य है कि लोग वहां सालों से रह रहे हैं और ऐसे में उन्हें कुछ पुनर्वास दिया जाना चाहिए। दरअसल, जब सरकारी जमीन पर अवैध रूप से लोग बस रहे होते हैं तो उसमें भूमाफिया की बड़ी भूमिका हो सकती है, जो किसी भूखंड के वैध होने का आश्वासन देकर लोगों से मोटी रकम वसूलते हैं। इस बीच बस्ती बसती जाती है, सरकार की ओर से बिजली-पानी, स्कूल आदि की व्यवस्था की जाती है। खबरों के मुताबिक हल्द्वानी में विवादित इलाके के निवासियों के नाम सरकारी रिकार्ड में दर्ज हैं और वे सालों से नियमित रूप से गृह कर का भुगतान करते आ रहे हैं। क्षेत्र में कई सरकारी स्कूल, एक अस्पताल आदि ऐसी सुविधाएं हैं, जिन्हें सरकार की ओर से मुहैया कराया गया होगा। ऐसे में अचानक ही यह घोषणा कर दी जाती है कि समूची बस्ती अवैध तरीके से बसी हुई है, तो इसे कैसे देखा जाएगा? यह केवल हल्द्वानी का सवाल नहीं है। देश भर में इस तरह की स्थितियां अक्सर उभरती रही हैं। अब समय आ गया है कि केंद्र के स्तर पर स्थायी पुनर्वास नीति बनाई जाए, ताकि इस तरह की स्थितियों से निपटने में आसानी हो।

# सूरत के वीआईपी रोड स्थित पुलिस स्टेशन का हुआ उद्घाटन

**सूरत. शाबाश इंडिया**

जनणी जणे तो ऐड़ा जणे के दाता के सूर, नी तो रिजे बांझड़ी, मत ना गवा जे नूर। कवि द्वारा रची गई ये अनुपम पंक्तियां उन सभी पर भी सटीक बैठती है जो समाज, गांव, शहर व राष्ट्र के लिए तन, मन व धन से निस्वार्थ भाव से अपना समर्पण दे रहे हैं। ऐसे भामाशाह व दानवीर जो अपनी जन्मभूमि के साथ-साथ कर्मभूमि के लिए भी समर्पित रहते है ऐसे लोगों की गाथा सर्वत्र गाई जाती है। राजस्थान की मरुधरा की गोद मे बसे समदड़ी नगर के निवासी एवं सिल्क सिटी सूरत के प्रवासी सोहनलाल, महावीर चन्द अरविंद कुमार जीरावला परिवार का तन मन व धन के साथ समर्पण अद्वितीय रहा है। सूरत में मंडप क्लॉथ के कारोबार से जुड़ी फर्म सागर टेक्सटाइल्स के संस्थापक जीरावला परिवार के सभी सदस्यों का दिल 'सागर' जैसा गहरा व विशाल है। सूरत में धर्म, अध्यात्म, शिक्षा, चिकित्सा, परोपकारिता व सेवा के विभिन्न आयामों के पोषण हेतु समदड़ी के जीरावला परिवार का सहयोग सदैव बना रहा है व हर घड़ी हर पल



इस हेतु समर्पित रहते हैं। सूरत के उभरते हुए विस्तार वेसु स्थित वी आई पी रोड़ में एक नए पुलिस स्टेशन का उद्घाटन हुआ। और इस स्टेशन के निर्माण में अर्थ सहयोगी के रूप में समदड़ी के सोहनलाल, महावीर कुमार अरविंद कुमार (सागर टेक्सटाइल्स) तथा सूरत के मित्तल ग्रुप की अग्रणी भूमिका रही है। अर्थ सहयोगी जीरावला परिवार व मित्तल ग्रुप का सूरत शहर के पुलिस कमिश्नर अजय तोमर, सेक्टर के अग्रणी के एन डामोर व जोन-4 के डी सी पी सागर बाघमार तथा ए सी पी जी डिवीजन वी आर मल्होत्रा के हाथों स्मृति चिन्ह व फूलों के गुलदस्ते से सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी अशोक कानूगो, उद्योगपति कुंज सुल्तानिया, राम गोपाल मूंदड़ा, नगर सेविका श्रीमती रश्मि साबू, ओसवाल समाज के अशोक श्रीश्रीमाल तथा गुजराती जैन समाज अग्रणी अशोक मेहता आदि अनेक महानुभाव मौजूद थे। सूरत



महानगर में सम्भवत यह पहला अवसर होगा कि सिवांची-मालाणी विस्तार से जुड़े निवासी ने किसी पुलिस स्टेशन के निर्माण में इस तरह की सराहनीय भूमिका निभाई है। सम्पूर्ण सिवांची-मालाणी समाज आपके इन सराहनीय प्रयासों की तहे दिल से अनुमोदना करते है व साधुवाद प्रकट करते है। सम्पूर्ण सिवांची-मालाणी जैन समुदाय आपकी उदारमना प्रवृति की हृदय की अंतरंगता से सराहना करता है, व यह मंगलकामना प्रकट करते है कि आपकी विसर्जन की भावना उत्तरोत्तर विकासमान रहे।

### आचार्य सुनील सागर महाराज ने कहा...

## औरों को समझाना बुद्धिमानी है और स्वयं को समझना ही असली ज्ञान है



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सांगानेर स्थित श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मन्दिर संघीजी में आचार्य श्री सुनीलसागरजी महाराज ने कहा कि औरों को समझाना बुद्धिमानी का काम है, लेकिन स्वयं को समझना अपने आप में डूब जाना ही असली ज्ञान है और जिसको जिनवाणी रूपी ज्ञान की प्राप्ति हो गई वह भवसागर को पार कर गया। आचार्यश्री ने आगे कहा कि छोटे से बीज में वृक्ष बनने का सामर्थ्य है लेकिन उसको खाद, धरती, पानी आदि का निमित्त चाहिये, पानी की बूंद में मोती बनने का सामर्थ्य है लेकिन स्वाति नक्षत्र और सीप का निमित्त चाहिए उसी प्रकार आत्मा में परमात्मा बनने का सामर्थ्य है लेकिन जब तक देव शास्त्र-गुरू का निमित्त नहीं मिलेगा, वह जन्म जन्मातर तक संसार में ही भटकता रहेगा। इसलिये ज्ञानियों हमें अवसर का लाभ उठाना चाहिये। गुरूओं के सानिध्य में ज्ञानोपार्जन करना चाहिये। अपने जीवन के दूध में जिनवाणी रूपी जामण को रोज लगाना चाहिए जिससे वह दही बन जाए और साधना की आग में तप कर उसमें से घी रूपी अमृत अर्थात ज्ञान प्राप्त हो जावे और जीवन की नैया पार हो जाए। मानदमंत्री सुरेश कासलीवाल ने बताया कि केवलचन्द गंगवाल चित्रकूट कॉलोनी, अनिल मानसरोवर, शीतल जी मुंबई वाले व अन्य श्रेष्ठियों ने धर्मसभा का शुभारंभ सांगानेर वाले बाबा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। साथ ही आचार्यश्री का पाद प्रक्षालन व शास्त्र भेंट का सौभाग्य भी इन्होंने ही प्राप्त किया। मंच संचालन इन्दिरा बड़जात्या ने किया।

## वर्तमान में देश को बचाने की लड़ाई आजादी की लड़ाई से छोटी नहीं है : रामनिवास गोयल

### हुआ आम आदमी प्रीमियर लीग ट्रॉफी का विमोचन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने कहा ''देश में वर्तमान राजनीतिक लड़ाई आजादी की लड़ाई से छोटी नहीं है। संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और देश के प्रबुद्ध नागरिकों को लंबी लड़ाई की तैयारी करनी होगी। अरविंद केजरीवाल एकमात्र देश में आशा की किरण है जिनके पास हर समस्या का हल खोजने के लिए दिमाग है। राजस्थान में राजनीतिक बदलाव के लिए राजस्थान के साथियों को पहल करनी होगी।'' आम आदमी प्रीमियर लीग क्रिकेट लीग ट्रॉफी के विमोचन समारोह में बोलते हुए गोयल ने बताया कि हम हमेशा लोगों को खेल जगत में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करते है और करते रहेंगे और आगे भी इस तरह की प्रतियोगिताओ का आयोजन होता रहेगा और इसी के साथ उन्होंने महिला सशक्तिकरण, पेपर लीक और राजस्थान में आगामी चुनाव पर भी अपने खुले विचार प्रस्तुत किए। लीग आयोजक अर्चित गोयल ने बताया कि इस आयोजन में जयपुर शहर की जानीमानी




हस्तियों ने हिस्सा लिया। पहली बार आयोजित होने जा रही प्रीमियर लीग में 30 से ज्यादा क्रिकेट टीमें हिस्सा लेंगी। जिसमें विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 31 हजार रु नकद दिए जायेंगे। वहीं उपविजेता को ट्रॉफी के साथ ग्यारह हजार रु नकद इनाम के तौर दिए जाएंगे। प्रत्येक मैच के मैन ऑफ द मैच को भी मोमेंटो से पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व न्यायाधीश और विशेषाधिकारी कॉपरेटिव विभाग, महेंद्र सिंह राघव, संयुक्त अभिभावक संघ प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, प्रिंटर्स एसोसिएशन अध्यक्ष राकेश गुप्ता, उद्योगपति रोहित बटवाड़ा, समाजसेवी ओमप्रकाश अग्रवाल, राजस्थान खालसा यूथ अध्यक्ष त्रिवेंद्र सिंह पिंटू, वैश्य समाज के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र मित्तल, प्रदेश सचिव संदीप गोयल तथा समाजसेवी राजेंद्र शर्मा व बालकिशन कोचर को विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने साल उड़ाकर अपने हाथों से सम्मानित किया गया।

# प्रभावना रथ का हुआ भव्य स्वागत



**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया**

परम पूज्य गणाचार्य 108 आचार्य विरागसागरजी महाराज द्वारा दिनांक 1 फरवरी से 15 फरवरी को आयोजित यति सम्मेलन यति प्रतिक्रमण 80 पंचकल्याणक गजरथ महा मस्तकाभिषेक महोत्सव का आयोजन मध्यप्रदेश कि धर्म नगरी पथरीया के विरागोदय में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित हाने के लिए एक प्रभावना रथ आज सुबह कुचामन सिटी में आया । जो सुबह 8 बजे से 10 बजे तक दर्शनार्थ रखा गया वो सभी श्रावक श्राविकाओं को पधारने हेतु निवेदन स्वीकार करते चिरंजीलाल पाटोदी, भंवर लाल झांझरी, सुरेश पांड्या, सुरेन्द्र काला ने सभी को पत्रिका देकर निवेदन किया। 11बजे रथ दर्शनार्थ दि जैन अजमेरी व नागोरी मन्दिर जी प्रांगण में लाया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी सोभागमल गंगवाल, सुभाष पहाड़ियां, अशोक गंगवाल, सुभाष रावका, अशोक काला, सुरेश, विनोद जैन, कैलाश पांड्या व महिला संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# स्थानकवासी जैन साध्वी शीतल महाराज का संघ सहित कामां में हुआ प्रवेश



## आदिनाथ भगवान प्रगट तिथि व रथयात्रा फ्लेक्स का किया विमोचन

**कामां. शाबाश इंडिया।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ इस युग के आदि कर्ता है। जिन्होंने इस संसार को असी, मसी, कृषि ,शिल्प कला, वाणिज्य का ज्ञान देकर जीविकोपार्जन करना सिखाया है।ऐसे आदिनाथ भगवान तलघर वाले बाबा की प्रतिमा मकर संक्रांति के पावन दिन कामा के शान्तिनाथ मन्दिर के तलघर में प्रकट हुई और जैन समाज कामा द्वारा 14 जनवरी को भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है ।जिसकी हम अनुमोदना करते हैं उक्त कथन कामा के विजय मती त्यागी आश्रम में श्वेतांबर स्थानकवासी साध्वी शीतल महाराज ने व्यक्त किए। शान्तिनाथ मन्दिर के प्रदीप जैन बड़जात्या ने बताया कि आचार्य सुभद्र मुनि महाराज की सुशिष्या शीतल महाराज ने 30 वीं प्रगट तिथि एव रथयात्रा महोत्सव फ्लेक्स का विमोचन किया तो इस अवसर पर जैन समाज कामां द्वारा आयोजित रथयात्रा को समस्त संघ ने अनुमोदना कर कहा कि जैन समाज कामां सेवाभावी व धर्म प्रिय समाज है। कामा के शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में व्यवस्था समिति की बैठक भी आयोजित हुई जिसमें रथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा कर कार्य वितरण किया गया। इस अवसर पर कपूर चंद जैन, संजय जैन सर्राफ, संजय जैन बड़जात्या, नीरज जैन, राजू जैन बड़जात्या, नवीन जैन सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# राजेंद्र कुमार सेठी शिप्रा पथ कांग्रेस मंडल के अध्यक्ष मनोनीत

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



श्री आदिनाथ दिगंबर जैन समिति मीरा मार्ग, मानसरोवर के मंत्री, कर्मठ सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र कुमार सेठी को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा सांगानेर विधानसभा में शिप्रा पथ मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया । इस अवसर पर मानसरोवर के श्रेष्ठि जनो ने उन्हें हार्दिक बधाई दी। राजेंद्र सेठी ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं सांगानेर विधानसभा के जनसेवक प्रदेश कांग्रेस सचिव पुष्पेंद्र भारद्वाज का आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई हैं उसे वो तन मन धन से पूरी करेंगे ।



# तीये की बैठक

हमारे पूजनीय

**श्री पदम चंद जी जैन**

पुत्र स्व श्री मिश्रीलाल जैन ( स्वतंत्रता सैनानी ) का निधन हो गया है। **तीये की बैठक** शनिवार दिनांक 14.01.23 को प्रात: 9 बजे भट्टारक जी नसियां पर होगी।

**शोकाकुल**- विमला ( पत्नी ), सुलोचना ( भाभी )महावीर- रक्षा, सौभाग- अंजना, श्रवण- मंजू, संतोष- अलका ( भ्राता- बहू ) रवि- अनुश्री ( पुत्र- पुत्रवधू ) अभिषेक- हर्षिता, राहुल- नीता, राजीव- नवीना, सारांश- शुभि, रवि-शिप्रा,अक्षित ( भतीजे- बहू ) नेहा - चिरागजी ( पुत्री दामाद ) प्रीति- किंशुकजी,गौरी- गुंजनजी, स्वाति- शोभितजी ( भतीजी- दामाद ) शकुंतला- मांगीलालजी, तारादेवी, पुष्पा- अशोकजी, मधु, मीना- प्रदीपजी ( बहन- बहनोई ) अनु - राजेंद्रजी, शिप्रा- शैलेशजी ( भांजी दामाद )विनय -सोनाली ( भांजा-बहू )एवं समस्त कासलीवाल परिवार ससुराल पक्ष- शांति कुमार जी, सुशील जी, प्रकाश जी बाकलीवाल ।
सम्पर्क- 8097078321,9654976918



# ए. आर. एल. लिमिटेड में मेघा चिकित्सा शिविर आयोजित

जयपुर. शाबाश इंडिया। जैन रत्न दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष स्व. श्री प्रदीप कुमार सिंह कासलीवाल की 75 वी जन्म जयंती के पूर्व दिवस पर दिनाँक 12 जनवरी को उनकी पुण्य स्मृति में दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप वीर के द्वारा ए. आर. एल. इंफ्राटेक लिमिटेड व इटरनल हॉस्पिटल के सहयोग से मानव सेवार्थ एवं स्वस्थ भारत बनाने की दिशा में ए. आर. एल. लिमिटेड के बनीपार्क आफिस, जयपुर में मेगा निःशुल्क



चिकित्सा जांच व परामर्श शिविर लगाया गया। शिविर के मुख्य संयोजक वीर ग्रुप के अध्यक्ष नीरज जैन ने बताया कि शिविर में ASG आई हॉस्पिटल, क्लोव डेंटल, वेलोज मेडिकल सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड ने भी सहयोग किया। शिविर में 98 लोगों की निःशुल्क ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, मोटापा, फुल आई चेक अप, डेंटल चेक अप, कान के पर्दे की जांच, पैर की नसों की जांच एवं कम्पलीट बॉडी चेक अप किया गया। शिविर में इटरनल हॉस्पिटल के विख्यात ह्र्दय रोग विशेषज्ञ - डॉ. अतुल कासलीवाल व जनरल फिजिशियन - डॉ. विजय गुप्ता, हड्डी रोग व फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ - डॉ. अमित शर्मा ने निःशुल्क परामर्श दिया। इस अवसर पर ए. आर. एल. लिमिटेड निदेशक, नंदकिशोर पहाड़िया, प्रमोद पहाड़िया, पदम चंद जैन, दि. जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष यशकमल अजमेरा, राजस्थान रीजन जयपुर के अध्यक्ष राजेश बड़जात्या महासचिव निर्मल संघी, योगेश झालानी, ममता शर्मा उपस्थित रहे।

# सेवा कार्य कर मनाएंगे स्वर्गीय प्रदीप कासलीवाल का 75वां जन्मदिन

## बहुत याद आते हैं जैन समाज की अद्भुत पहचान "स्वर्गीय प्रदीप कासलीवाल"

**राजेश जैन ,दद्दू. शाबाश इंडिया**

इंदौर। 13 जनवरी,2023 को दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के संस्था के संस्थापक अध्यक्ष जैन रत्न स्व.श्री प्रदीप कुमार सिंह कासलीवाल जी की 75वीं



जन्म जयंती सभी दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप प्राणी मात्र की सेवा के कार्य कर मनायेंगे। मनोनीत राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश बिन्दायका ने बताया कि 13 जनवरी को श्रद्धेय प्रदीप जी कासलीवाल की अमृत महोत्सव जयंती को सभी मिलकर अविस्मरणीय बनायेंगे। नव मनोनीत राष्ट्रीय टीम सभी पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान पदाधिकारियों की गौरवमयी उपस्थिति में DJSGF के नवीन प्रधान कार्यालय (इंदौर) में मंगल प्रवेश कर कार्यालय का शुभारंभ करेंगे।

## फिजियोथेरेपी केन्द्र के नवीन परिसर का लोकार्पण

महावीर फिजियोथेरेपी केन्द्र के नवीन परिसर का लोकार्पण दिनांक 13 जनवरी शुक्रवार 2023 को प्रातः 10 बजे, 52 जैन रत्न कचनबाग पर होगा। महावीर ट्रस्ट के वर्तमान अध्यक्ष अमित कासलीवाल ने कहा कि परम् श्रद्धेय स्व.श्री प्रदीप कुमार सिंहजी कासलीवाल (पूर्व अध्यक्ष - महावीर ट्रस्ट) की 75 वीं जन्म-जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह मे सेंटर का शुभारम्भ होगा।

# कैरियर डे का सफलतापूर्वक आयोजन

**भानगढ़. शाबाश इंडिया**

स्थानीय विद्यालय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भानगढ़ में कैरियर डे के आयोजन के उपलक्ष पर भारतीय जीवन बीमा निगम-बालेसर के शाखा प्रबंधक के आर पालीवाल ने उपस्थित होकर भारतीय जीवन बीमा निगम में सभी कैरियर



के बारे में बच्चों को विस्तृत रूप से जानकारी दी। इसके साथ-साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कविया एवं व्याख्याता पारस कुमार ने 10वीं और 12वीं के बाद उपलब्ध सभी कैरियर के बारे में बच्चों को विस्तृत जानकारी दी गई । वरिष्ठ अध्यापक बाबूलाल तथा सत्येंद्र कुमार ने आवश्यक कौशल विकास के बारे में जानकारी दी , इसके साथ साथ वरिष्ठ अध्यापिका आनंद कँवर और रेखा राखेचा ने विद्यार्थियों से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई, जिसमें उन्होंने अपनी रूचि के अनुसार अलग-अलग कैरियर के चित्र बनाए। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य कविया ने L I C एवं पालीवाल का धन्यवाद ज्ञापित किया। भारती फाउंडेशन के एकेडमिक मेंटर पुनीत भटनागर जी ने बताया कि शाखा प्रबंधक भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

# स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाई

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



भारत विकास परिषद, जयपुर महानगर शाखा द्वारा आज परिषद के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रमों की श्रंखला की शुरूआत प्रातः 9.00 बजे शाखा सदस्यों द्वारा राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में स्वामी विवेकानंद जी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके की गई। इस अवसर पर प्रांतीय भवन निर्माण समिति के संयोजक ओम प्रकाश गुप्ता, शाखा अध्यक्ष महेंद्र कुमार अग्रवाल, शाखा सचिव विजय कुमार खूंटेटा, सुभाष मंगल, रवीन्द्र शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, सुभाष कासलीवाल, प्रदीप जैन आदि उपस्थित रहे। इसके पश्चात 10.15 बजे शाखा द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, परशुराम द्वारा, आमेर रोड, जयपुर में कार्यक्रम किए गए। इन कार्यक्रमों में शाखा द्वारा मनाए जा रहे संस्कृति सप्ताह के तहत स्कूल को एक स्टील अलमीरा भेंट की। तत्पश्चात गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के अन्तर्गत स्कूल के गुरुओं का सम्मान किया गया एवम प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्य कैलाश गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। स्कूलों में आज का दिन कैरियर दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस उपलक्ष में प्रदीप जैन ने विद्यार्थियों को उज्जवल कैरियर कैसे बनाया जाय, इस पर उद्बोधन दिया। शाखा अध्यक्ष ने उपस्थित सभी का अभिनंदन किया एवम भारत विकास परिषद् की गतिविधियों के बारे में बताया। सचिव विजय कुमार खूंटेटा ने सभी का आभार व्यक्त किया।


# श्री महावीर कॉलेज में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री महावीर कॉलेज में एन.एस.एस एवं रोटरेक्ट क्लब द्वारा गुरुवार दिनांक12 जनवरी 2023 को कॉलेज परिसर में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।सर्पोटिंग पार्टनर ईटरनल हॉस्पिटल, संकारा हॉस्पिटल, रिलाएबल डायग्नोस्टिक सेन्टर एवं जयपुर हॉस्पिटल थे। फ्री मेडिकल कैम्प में ECG,Sugar, BP, Haemoglobin, Blood Group, Eye Check Up, Lipid Profile केटेस्ट किये गए, जिस हेतु Cardiologist, Physician, ENT, Dentist, Physiotherapy, Accupressure आदि कैंप में उपस्थित थे। शिक्षा परिषद केअध्यक्ष उमरावमल संघी, मंत्री सुनील बख्शी, कोषाध्यक्ष महेश काला ने कैंप की सफलता के लिए शुभकामनाये दी। कॉलेज प्राचार्य डा. आशीष गुप्ताने कैंप की महत्ता बताते हुए भविष्य में इस तरह के ओर कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

## श्री श्री रविशंकर जी 21 जनवरी को जयपुर में एसएमएस इंडोर स्टेडियम में संबोधित करेंगे



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक एवं प्रणेता गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी 21 जनवरी को जयपुर में एस एम एस इंडोर स्टेडियम में दोपहर 3 से 5 बजे तक हैप्पीनेस महोत्सव के प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। 4 मास के विदेशी प्रवास के पश्चात भारत में उनकी यह पहली यात्रा है। कार्यक्रम के दौरान आर्ट ऑफ लिविंग के हैप्पीनेस कोर्स के प्रतिभागियों को गुरुदेव ज्ञान और ध्यान की गहराई में ले जाएंगे। 4 साल बाद होने वाली राजस्थान यात्रा में जहां एक ओर संस्था से जुड़े स्वयंसेवक अत्यंत उत्साहित एवं हर्षित हो रहे हैं। वहीं दूसरी और युवा वर्ग में कई कारणों से उत्पन्न नकारात्मक माहौल में समाज का एक वर्ग उनकी यात्रा को इस दिशा में आशा की किरण के रूप में देख रहा है। मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉ.आभा पाराशर ने बताया कि महोत्सव से पहले प्रसन्नता की लहर उठाने के उद्देश्य से आर्ट ऑफ लिविंग के युवा स्वयंसेवक एवं युवा प्रशिक्षक सभी स्कूल, कॉलेज, हॉस्टल्स, पीजी में जाकर अधिक से अधिक लोगों को सुदर्शन क्रिया सिखा रहे हैं। सभी सुदर्शन क्रिया स्नातक इस कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। इस कार्यक्रम के समापन के बाद गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी मेहंदीपुर बालाजी के लिए प्रस्थान करेंगे।

## शोक संदेश



हमारे प्रिय कँवर साहब **श्री पदम चंद जी जैन** (कासलीवाल) का स्वर्गवास दिनांक 12.01.2023 को हो गया है। **तीये की बैठक** दिनांक 14.01.23 को प्रातः 9 बजे भट्टारक जी नसियां पर होगी। ससुराल पक्ष प्रातः 8:45 पर नसियॉं के बाहर एकत्रित होकर बैठक में शामिल होंगे।

**शोकाकुल**- शान्ति कुमार जैन (IPS), अल्का, सुशील-निर्मला, प्रकाश-सुजाता (साले-सलहज), स्वाती-गौरव, दीप्ति-सुनीत, श्वेता-श्रेयांस, नमीषा-रोविन्द्र (भतीजी-भतीजी दामाद), अनुभव (भतीजा) एवं समस्त बाकलीवाल (ऑंधीका) परिवार।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com